Title: Need to set up more LPTs in Bilaspur District of Himachal Pradesh.

16.30 hrs.

सुरेश चन्देल (हमीरपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश के मेरे लोक सभा क्षेत्र हमीरपुर के जिला बिलासपुर एवं उसके आसपास के बहुत बड़े क्षेत्र की जनता आज तक दूरदर्शन के स्पष्ट कार्यक्रम देखने के लिए तरस रही है। श्री नैना देवी जी की पहाड़ी पर वी.एल.पी.टी. लगाना प्रस्तावित है, लेकिन उसकी स्थापना संबंधी कोई प्रगति अभी तक देखने में नहीं आई है। इस क्षेत्र की जनता को दूरदर्शन के कार्यक्रम देखना सुलभ करने हेतु मेरा सुझाव है कि हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर के ग्राम 1.रतनपुर, 2.कोटधार (ग्राम चमेलू या बचरातू) और 3.बिलासपुर(बंदला) में एक-एक एल.पी.टी. स्थापित किया जाना नितान्त आवश्यक है। अत: मेरा आग्रह है कि इस बारे में आप सहानुभूति पूर्वक विचार करें और पहाड़ी, दूरदराज एवं पिछड़े क्षेत्र की जनता को दूरदर्शन के कार्यक्रम डीडी-1 और डीडी-2 दिखाने हेतु एल.पी.टी. के निर्माण हेतु निरीक्षण, परीक्षण एवं सर्वेक्षण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को वांछित निर्देश देकर मुझे की गई कार्रवाई से अवगत कराने की अनुकंपा करें।

बिलासपुर शहर में एक स्टडी एवं रिले सेंटर (आकाशवाणी केन्द्र) बनाना भी अनिवार्य प्रतीत होता है जिससे बिलासपुर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में आकाशवाणी के कार्यक्रम सुलभता से सुने जा सकें। मेरा सुझाव है कि यदि बंदला में एफ.एम. रिले सेंटर स्थापित कर दिया जाए, तो उससे बहुत बड़े क्षेत्र में आकाशवाणी के कार्यक्रम सुने जा सकेंगे। अत: कृपया इस बारे में भी सर्वेक्षण कराने हेतु वांछित कार्रवाई करें।

1632 बजे (डॉ. लक्ष्मी नारायण पांडेय पीठासीन हुए)